संपादकीय

दुगुना हुआ मर्ज

यह बेहद चिंता का विषय है कि पंजाब में एचआईवी संक्रमितों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। हालिया आंकड़े चौंकाते हैं कि पंजाब में वर्ष 2016-17 के मुकाबले एचआईवी पॉजिटिव लोगों की संख्या में चालीस फीसदी की वृद्धि हुई है जो निश्चित रूप से सरकार और समाज की चिंता का विषय होना चाहिए। दरअसल, यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि भी करता है कि पंजाब में नशे का उपयोग खतरनाक स्तर तक जा पहुंचा है। नि:संदेह नशे व एचआईवी संक्रमितों की संख्या में सीधा संबंध है। दूषित सीरिंज से नशा लेने में इसके प्रसार का बड़ा कारण हो सकता है। यूं तो यह लाइलाज रोग एक विश्वव्यापी समस्या है मगर पंजाब की स्थिति माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ाती है। खासकर पिछले दो सालों में चालीस फीसदी की वृद्धि वाकई गंभीर मामला है। पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष 2018-19 में एचआईवी संक्रमण के 8133 नये मामले सामने आए हैं। इसी प्रकार वर्ष 2016-17 में 5987 तथा वर्ष 2017-18 में 6730 मामले सामने आए। दरअसल, ये आंकड़े सामने आना इसलिये संभव हुआ क्योंकि सरकार ने नशे से पीड़ितों के उपचार के लिये राज्य में नये ओओएटी क्लीनिक बनाये हैं, जिनमें नशा पीड़ितों की जांच और उपचार को प्राथमिकता दी गई है। एचआईवी संक्रमण की नियमित जांच से ये आंकड़े सामने आये। इन क्लीनिकों में वैकल्पिक दवाओं से नशे से पीड़ितों के उपचार को प्राथमिकता दी गई थी ताकि उनकी नशे की लत छुड़वायी जा सके। पंजाब स्टेट इग कंट्रोल सोसाइटी के अनुसार गत अप्रैल से जून के मध्य एचआईवी पीड़ितों के 2943 मामले प्रकाश में आ चुके हैं। साथ ही आशंका जतायी जा रही है कि इस वर्ष के कुल आंकड़े पिछले साल के मुकाबले ज्यादा हो सकते हैं। इसकी एक वजह यहभी है कि मौजूदा सरकार ने जो ओओएटी क्लीनिक शुरू किये हैं, वहां उपचार से पहले एचआईवी, एड्स और हेपेटाइटिस-सी के रोगियों की जांच अनिवार्य की गई है।

दरअसल, उपचार क्लीनिक खोलने से पहले राज्य में एचआईवी पीड़ितों की संख्या का वार्षिक औसत पांच हजार था। मगर नशे की बढ़ती लत से लगातार पीड़ितों की संख्या में वृद्धि हो रही है। नशेड़ी हेरोइन का उपयोग जिस सीरिंज के जरिये करते हैं, उसके कई लोगों द्वारा उपयोग करने से रोग बढ़ता है। यही वजह है कि अधिक नशे का सेवन करने वाले इलाकों में एचआईवी संक्रमण सामान्य आबादी से अधिक है। इन बदलावों पर नजर रखने से पीड़ितों की अधिक संख्या सामने आ रही है। ओओएटी का प्रयोग इस समस्या की वास्तविकता बताने में सहायक साबित हुआ है। यही वजह है कि पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की निगरानी बढ़ने से ज्यादा मामले प्रकाश में आने लगे हैं। व्यवस्था अधिक संक्रमित लोगों की पहचान करने में सक्षम हुई है। एक वजह यह भी है कि ओओएटी क्लीनिकों तथा सामान्य अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं के लिये एचआईवी व एड्स की जांच को अनिवार्य किया गया है। बहरहाल आंकड़े बताते हैं कि राज्य में घातक नशों का सेवन बढ़ा है। राज्य के माझा क्षेत्र में पीड़ितों के तीस फीसदी मामले बढ़े हैं। चिंता की बात यहभी है कि राज्य में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम शुरू होने के बाद अकेले अमृतसर जिले में 16,505 एचआईवी प्रसार के मामले प्रकाश में आए हैं जो एचआईवी पीड़ित जिलों के चार्ट में सबसे ऊपर है। यूं तो यह समस्या विश्वव्यापी और देशव्यापी है, मगर इस सीमावर्ती राज्य में नशे और एचआईवी का प्रसार हमारी राष्ट्रीय चिंता का विषय होना चाहिए। सरकारें नशे पर नकेल कसने के अलावा इस रोग के प्रसार पर अंकुश लगाने को कमर कसें। हरियाणा में पाक से आने वाली नशे की बड़ी खेप की बरामदगी राज्य के लिये भी खतरे की घंटी जैसी है। केंद्र व राज्य सरकार युद्धस्तर पर इसके खिलाफ अभियान चलाएं।

भारतीय ऑटो उद्योग को मंदी से निकलने में कितना समय लगेगा पता नहीं: आयुकावा

अहमदाबाद (आरएनएस)। दुनिया की प्रमुख ऑटो कंपनी मारूति सुजुकी के प्रबंध निदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) केनिचि आयुकावा ने शनिवार को कहा कि किसी को भी पता नहीं है कि भारतीय ऑटो क्षेत्र को मंदी के मौजूदा दौर से निकलने में कितना समय लग सकता है।

वाहनों के कलपुर्जो के उत्पादकों के संगठन एएमसीए के दूसरे वैल्यू चेन समिट में भाग लेने यहां आये आयुकावा ने मौजूदा स्थिति को एक मुश्किल और चुनौतीपूर्ण समय बताया और इससे निकल जाने की उम्मीद भी जतायी।

यह पूछे जाने पर कि भारतीय वाहन और ऑटो बाजार में मंदी का मौजूदा दौर कब तक चलेगा, उन्होंने कहा, 'यह किसी को नहीं पता। हमारी कंपनी और अन्य ऑटो कंपनियां अपना बेहतरीनतम प्रयास कर रही हैं पर यह कोई नहीं जानता की मंदी का मौजूदा दौर दरअसल कब तक चलेगा।'

ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में कंपनी के गुजरात संयंत्र के विस्तारीकरण परियोजना के बारे में पूछे जाने पर आयुकावा ने कहा कि इसकी तीसरी इकाई का निर्माण का शुरू है जो अगले साल पूरा होगा और इसके जरिये उत्पादन भी शुरू हो जाने की संभावना है। इससे संयंत्र की उत्पादन क्षमता मौजूदा पांच

लाख इकाई से बढ़ कर साढ़े सात लाख इकाई हो जायेगी।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कलपुर्जो के उत्पादन के मामले में स्थानीयकरण यानी लोकेलाइजेशन की नीति पर जोर दिया और इसे मंदी के दौर से निपटने और लागत खर्च को कम करने की चाबी करार दिया। उन्होंने गुजरात सरकार की नीतियों की सराहना भी की। बिजली अथवा बैटरी चालित वाहनों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन जरूर मौजूदा मॉडलों के लिये चुनौती होंगे पर इनके बाजार में बड़े पैमाने पर आने में अभी पांच से दस साल का समय लगेगा।

चार दिनों में दिल्ली में 27 पैसे लीटर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल का दाम स्थिर

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में गिरावट का सिलसिला रविवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में 10 पैसे जबकि कोलकाता में छह पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। चार दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 27 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 73.14 रुपये, 75.75 रुपये, 78.75 रुपये और 75.96 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि, चारों महानगरों में डीजल के दाम पूर्ववत क्रमशः 66.18 रुपये, 68.29 रुपये और 69.36 रुपये और 69.90 रुपये प्रति लीटर बन हुए हैं।

बाजार विश्लेषक बताते हैं कि कच्चे तेल के भाव में बहरहाल तेजी की संभावना कम है क्योंकि मांग कमजोर है। एंजेल ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (एनर्जी व करेंसी रिसर्च) अनुज गुप्ता ने कहा, तेल की वैश्विक मांग कमजोर होने के कारण कीमतों पर लगातार दबाव बना हुआ है, जैसा कि पिछले सप्ताह हमने देखा कि सारे तेजी के कारक मौजूद होने के बावजूद कच्चे तेल का भाव सीमित दायरे में रहा। ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर को नहीं तोड़ पाया।

उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में कमी आने से कीमतों में तेजी दिखनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ट्रेड वार के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास की रफ्तार सुस्त पड़ गई है जिसके कारण तेल की मांग कमजोर है।

कई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के शेयर बाजार में लाने की तैयारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। सरकार चालू वित्त वर्ष में वित्तीय दृष्टि से मजबूत तीन से चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराने की तैयारी में है। सूत्रों ने बताया कि एकीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकार इन आरआरबी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएगी। सूत्रों ने बताया कि बैंकों के एकीकरण की प्रक्रिया जारी है और आरआरबी की संख्या को 45 से घटाकर 38 पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी कुछ और एकीकरण हो सकते हैं क्योंकि राज्य सरकारों की ओर इसके लिए मंजूरी मिल गई है। सूत्रों ने कहा कि राज्य के भीतर ही आरआरबी के एकीकरण से आरआरबी का ऊपरी खर्च कम होगा, प्रौद्योगिकी का महत्तम इस्तेमाल हो सकेगा, पूंजी आधार उनके परिचालन क्षेत्र का विस्तार होगा और उनकी पहुंच बढ़ेगी। पिछले कुछ माह के दौरान विभिन्न राज्यों में 21 बैंकों का एकीकरण किया गया है।

हीरो इलेक्ट्रिक में बढ़ाएंगे निवेश: मुंजाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए कई तरह के कदम उठा रही है। हीरो इलेक्ट्रिक इस अवसर का लाभ उठाने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी अपने विस्तार को पूंजी जुटाने की योजना बना रही है।

कंपनी अपने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक लाख इकाइयों की वर्तमान उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर पांच लाख सालाना करने के लिए अगले तीन साल में 700 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहती है। हीरो इलेक्ट्रिक के प्रबंध निदेशक नवीन मुंजाल ने कहा, हम हर पहलू पर विस्तार कर रहे हैं। पीछे देखने जैसा कुछ नहीं है...डीलर नेटवर्क, श्रमबल, उत्पाद पोर्टफोलियो और विनिर्माण के संदर्भ में हम विस्तार कर रहे हैं...हम निवेश करेंगे और इसके लिए पूंजी जुटाएंगे। उनसे पूछा गया कि कंपनी कितनी धनराशि जुटाना चाहती है तो उन्होंने कहा कि इस बार में अंतिम निर्णय नहीं किया गया है और कंपनी फिलहाल इस पर काम कर रही है। कंपनी की भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम विभिन्न चीजों के लिए कम-से-कम 500-700 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।

प्रेसिडेंट्स कप: मैरीकॉम और गौरव बिधूड़ी समेत 11 मुक्केबाजों ने फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली (आरएनएस)। छह बार की विश्व चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट एम सी मैरीकॉम और विश्व चैंपियनशिप की पूर्व ब्रॉन्ज मेडलिस्ट गौरव बिधूड़ी ने शनिवार को कठिन चुनौतियों से पार पाते हुए इंडोनेशिया में चल रहे 23वें प्रेसिडेंट्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैरीकॉम और बिधूड़ी के अलावा नौ अन्य मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंच गए।

मैरीकॉम (51 किलो) ने वियतनाम की अन्ह वो थी किम को सेमीफाइनल में 3-2 से हराया। वह अब ऑस्ट्रेलिया की फेंक्स एप्रिल सेखेलेगी। भारत के स्टार मुक्केबाज बिधूड़ी (56 किलो) ने फिलीपींस के ओगारे जुनमिलारडो को 3-2 से हराया। अंकुश दास ने 64 किलो वर्ग में कोरिया के गिहियोन यू को मात दी जबकि नीरज स्वामी ने इंडोनेशिया के लांगू कोर्नेलिस को 3-2 से हराया।

अनंत प्रह्लाद ने 52 किलो वर्ग में श्रीलंका के धर्मसेना पियाल को 5-0 से हराया। वहीं इंडिया ओपन गोल्ड मेडलिस्ट जमुना बोरो ने 54 किलोवर्ग में इटली की जियुलिया लामागना को 5-0 से मात दी। वर्ल्ड चैंपियनशिप ब्रॉन्ड मेडलिस्ट सिमरनजीत कौर (60किलो) और दिनेश डागर (69किलो) भी फाइनल में पहुंच गए।

डेविस कप के लिए पाकिस्तान जाएगी भारतीय टेनिस टीम

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय टेनिस टीम प्रतिष्ठित डेविस कप में खेलने के लिए 55 साल बाद पहली पहली बार पाकिस्तान जाएगी। ऑल इंडिया टेनिस असोसिएशन (एआईटीए) के महासचिव हिरण्मय चटर्जी ने कहा कि रविवार को इसकी पुष्टि कर दी। उन्होंने कहा कि यह कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं है, वैश्विक टूर्नमेंट है।

एआईटीए के महासचिव ने कहा, हां, हम पाकिस्तान जाएंगे। यह कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं है। यह टेनिस का वर्ल्ड कप है और इसलिए हमें जाना होगा। इस बारे में केंद्र सरकार से कोई बात नहीं हुई है, क्योंकि यह एक वैश्विक टूर्नमेंट है और हमें ओलिंपिक चार्टर को मानना होगा।

उन्होंने कहा, छह खिलाड़ियों की टीम, सपॉर्ट स्टाफ और कोच पाकिस्तान जाएंगे। मैं खुद टीम के साथ जाऊंगा। हम हरेक के लिए वीजा आवेदन कर रहे हैं। बाद भारतीय टेनिस टीम के पाकिस्तान जाने पर अनिश्चितता के बाद घिर गए थे। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में पाकिस्तान का दौरा किया था। पाकिस्तान हॉकी टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी और अब हम जाएंगे।

डेविस कप का ड्रॉ इसी साल फरवरी में निकाला गया था, लेकिन 14 फरवरी को पुलवामा हमले के

रेनॉर ने लॉंच किया बीटी पॉवर कैब स्पीकर

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑडियो उत्पाद क्षेत्र की कंपनी रेनॉर ने भारतीय बाजार में दि रेनॉर बीटी पॉवरकैब स्पीकर लॉंच करने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि पॉवरकैब एक हाइब्रिड सिस्टम है जो बड़ा होम स्पीकर और पार्टी स्पीकर दोनों है। इसका इस्तेमाल किसी भी मध्यम से बड़े इनडोर स्थान पर किया जा सकता है। इसकी कीमत 14999 हजार रुपए है। उसने कहा कि यह स्पीकर अत्याधुनिक 8 सबवूफर, 1 प्रिसिजन ट्वीटर और डुअल पोर्ट के साथ आता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्पष्टता के उच्चतम स्तर के साथ ध्वनि उत्पन्न हो। यह स्पार्कलिंग हाई और रोरिंग मिड्स के साथ एक शक्तिशाली म्युजिकल बास का अनुभव देता है। कंपनी ने इसकी प्री बुकिंग शुरू कर दी है और 15 अगस्त से इसकी डिलिवरी शुरू की जायेगी।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपका कई समस्याओं या मतभेदों से आमना-सामना होगा, जिसके कारण आप असहज महसूस करेंगे। अनावश्यक वाद-विवाद से बचें।

वृषभः- यह एक व्यस्त और खुशहाल दिन है। नए अवसर आपके सामने आएंगे। की गई यात्रा परिणाम लाएंगी। आकस्मिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

मिथुनः- किसी विशेष कार्य की चिंता हो सकती है। व्यर्थ की प्रतिस्पर्धा न करें। अजनबियों से सावधान रहें। व्यापार में नुकसान हो सकता है।

कर्कः- कुछ लोगों को संतान सुख प्राप्त होगा। मित्रों तथा रिश्?तेदारों से अप्रत्याशित व्यवहार का सामना करना होगा। धार्मिक आस्था बढ़ेगी।

सिंहः- नौकरी पेशा लोगों को पद प्रतिष्ठा आदि का लाभ होगा। कार्य व्यापार में वृद्धि व लगभग सभी तरह के कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

कन्याः- कोई भी काम करने से पहले अच्छी तरह से सोच लें। सेहत का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। अपनी खानपान की आदतों पर काबू रखें।

तुलाः- किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे, आपको आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

वृश्चिकः- जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी।

धनुः- आलस्य का त्यागकर समय का उचित प्रयोग करें, इससे आप अपने कार्यक्षेत्र एवं रचनात्मक क्षेत्र में सुर्खियां बटोरेंगे।

मकरः- राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति यों के लिए लाभप्रद स्थितियों के आसार हैं। आप काफी आराम महसूस करेंगे और कार्यक्षेत्र में प्रगति से संतुष्ट रहेंगे।

कुंभः- दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रय शील रहें। आपका समय अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक खुशनुमा माहौल में बीतेगा।

मीनः- नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असामाजिक तत्वों से दूरी बनाए रखें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न मानें।

चटपटा 'रिकवच' बनाने की विधि...

सामग्री :

अरबी के नर्म पत्ते -12, बेसन-एक कप, नमक - स्वादानुसार, हल्दी पाउडर - आधा छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर -एक छोटा चम्मच या आवश्यकतानुसार, जीरा - आधा छोटा चम्मच, धनिया पाउडर -एक चम्मच, हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट - एक छोटा चम्मच, अजवाइन -(इच्छा हो तो) एक चौथाई चम्मच, गरम मसाला - आधा छोटा चम्मच, अमचूर पाउडर - आधा छोटा चम्मच

विधि :

अरबी के पत्तों को डंठल हटाकर अच्छी तरह धो लें। एक कटोरे में बेसन, हरी मिर्च व अदरक का पेस्ट, नमक और अन्य सभी मसालों को मिलाकर गाढ़ा घोल तैयार करें। घोल न अधिक पतला होना चाहिए, न ही बहुत गाढ़ा। एक बड़ी-सी थाली लें और स्लैब पर पलट कर रखें। इसके ऊपर अरबी का एक पत्ता रखें। पत्ते पर बेसन के घोल की एक परत लगाकर उसके ऊपर एक और पत्ता रखें। फिर से बेसन का घोल इसके ऊपर फैलाएं। इसी प्रकार एक और पत्ते को रखें और फिर बेसन का घोल लगाएं। तीन-चार पत्तों को एक साथ लेकर इसी तरह का सेट बना लें। तीन पत्तों से तैयार सेट को पहले किनारों से अंदर की तरफ मोड़ लें, ताकि इनका आकार चौकोर हो जाए। अब इसे प्रुरंग रोल की तरह मोड़ लें। रोल खुले नहीं, इसलिए इसे मोटे धागे से दो-तीन जगह बांध लें। अब एक कड़ाही में पानी उबलने के लिए रखें। इसके ऊपर स्टील की एक छन्नी रखें और उसके ऊपर सभी रोल को रख कर ढक दें। अब इसे मध्यम आंच पर लगभग 15 से 20 मिनट के लिए पकाएं। भाप में पकाने की बजाय इसे सीधे पानी में भी उबाला जा सकता है। जब यह मुलायम दिखने लगे तो इसे चूल्हे से उतार लें। ठंडा होने के बाद इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। वैसे तो इसे राई की छौंक लगाकर सीधे भी खाया जा सकता है, मगर कुरकुरापन लाने के लिए इसे तलना बेहतर रहेगा। बेसन के पतले घोल में इसे लपेट कर गर्म तेल में तल लें। फिर चटनी या सॉस के साथ परोसें।

शब्द सामर्थ्य- 39

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 38 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	मं			ज	र	दा		

सू-दोकू- 39

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.38 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6